चौथा संसार
इंदौर से सर्वाधिक जिलों में प्रसारित

उद्यमियों को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इंदौर चैप्टर शुरू

इंदौर। इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की मंगलवार शुरूआत की । इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़ें यहीं हैं। ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई है और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि है। हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते है, जिमी मिस्त्री, संस्थापक, डीएलसी, ने कहा।

डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंकडइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। नेविल ह्यकेन यू हैंडल द ट्रुथ? किताब के सह-लेखक भी है। वही लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) नोरोन्हा ने परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल (दो बार) और कई सेना मेडल और पदक प्राप्त किए हैं।